दिनांकः 17.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण के तहत सरपंच और पंच के लिए 84 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ –आज उपसरपंच चुने जायेगें।

- केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा–सरकार संस्कृति और विरासत के संरक्षण के साथ उन्हें आजीविका, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध।

- विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले की आज से औपचारिक शुरूआत – देशभर से श्रद्धालुओं, साधु–संतों और पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला जारी।

- जयपुर के 299 वें स्थापना दिवस पर 2 दिन के समारोह में कई कार्यक्रमों का आयोजन।

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के चौथे और अंतिम चरण के तहत कल सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए 84 दशमलव 42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 25 जिलों की 3 हजार 747 ग्राम पंचायतों में हुए मतदान के बाद देर रात तक मतगणना का सिलसिला चला और सरपंच तथा वार्ड पंच पदों के परिणाम घोषित किए गए। इस चरण में जैसलमेर जिले की खुहड़ी पंचायत समिति में सबसे ज्यादा 92 दशमलव 51 प्रतिशत मतदान हुआ। बांसवाड़ा की छोटी सरवा में 92 दशमलव 14 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। वहीं, बालोतरा जिले की सिवाना पंचायत समिति में सबसे कम 72 दशमलव 35 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस बीच, मतदान के दौरान झुंझुनूं, धौलपुर और खैरथल–तिजारा सहित कुछ स्थानों पर हिंसक घटनाएं और झड़पें भी हुईं। इस चरण के तहत आज उपसरपंच पद के लिए चुनाव होंगे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उधर, जिला परिषदों ओर पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए सभी चरणों के मतदान की मतगणना 20 नवंबर को होगी, जिसके लिए तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज फिलीपींस की राजधानी मनीला में 23वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वर्ष 2026 के लिए आसियान की अध्यक्षता कर रहा फिलीपींस इन दोनों शिखर सम्मेलनों की मेजबानी कर रहा है। शिखर सम्मेलन से अलग आज ही चतुर्भुज सुरक्षा संवाद– क्वाड नेताओं की बैठक भी होगी। क्वाड समूह में भारत, अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं।

बैठक में हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और सुरक्षा को बढ़ावा देने के साझा हितों पर चर्चा करेंगे।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि सरकार संस्कृति और विरासत के संरक्षण के साथ–साथ उन्हें रोजगार, आजीविका, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शेखावत ने नई दिल्ली में आयोजित ट्रांसफॉर्म इंडिया समिट–2026 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की विरासत केवल उसके गौरवशाली अतीत की धरोहर नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की ताकत भी है। मीडिया से बातचीत करते हुए श्री शेखावत ने कहा कि रचनात्मक अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर एक स्वतंत्र क्षेत्र और विकास के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में पहचान मिल रही है। इससे भारत के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

जोधपुर के एम्स को जेनेटिक और दुर्लभ बीमारियों के लिए आईसीएमआर का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चुना गया है। प्रदेश में अपनी तरह का यह पहला केंद्र होगा। इससे आम मरीजों को जीन आधारित आधुनिक चिकित्सा की सुविधा मिल सकेगी। संस्थान के विभिन्न विभागों के 20 से अधिक फैकल्टी सदस्य वर्ष 2022 से इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। एम्स टीम नई तकनीक, शोध और मरीजों की देखभाल से जुड़े प्रोजेक्ट पर काम करेगी। केंद्र में बीमारियां पैदा करने वाले आनुवंशिक बदलावों की सटीक पहचान हो सकेगी।

जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे कैंसर, डायबिटीज और हृदय रोगों के आनुवंशिक कारणों पर शोध किया जाएगा। एम्स में गंभीर बीमारियों के 500 से अधिक मरीज पंजीकृत हैं।

विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले की आज से औपचारिक शुरूआत हो रही है। धार्मिक, सांस्कृतिक और पशु मेले के तौर पर तीन चरणों में आयोजित होने वाले मेले की शुरूआत ध्वजारोहण और पूजा–अर्चना के साथ होगी। 24 नवम्बर तक चलने वाले इस मेले में पवित्र सरोवर के घाटों पर धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। मेले में शामिल होने के लिए देशभर से श्रद्धालुओं, साधू–संतों और पर्यटकों का पहुंचना जारी है। मेले में राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति और ग्रामीण परम्पराओं की झलक भी देखने को मिलेगी।

जयपुर आज अपनी स्थापना के 299 साल पूरे कर रहा है। कल यह शहर 300वे साल में प्रवेश करेगा। इस मौके पर नगर निगम की ओर से दो दिन का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रमों की शुरुआत आज सुबह मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणेश को निमंत्रण अर्पित करने के

साथ हो रही है। शाम को बिरला सभागार में कवि सम्मेलन का आयोजित होगा। स्थापना दिवस के मौके पर शहर के ऐतिहासिक दरवाजों पर शहनाई वादन भी होगा। समारोह के दूसरे दिन कल सुबह गंगापोल दरवाजे पर गणेश पूजन तथा गोविंद देवजी मंदिर में पूजन कार्यक्रम रखा गया है। शाम को स्टेच्यू सर्किल पर दीप प्रज्ज्वलन समारोह आयोजित होगा। गौरतलब है कि जयपुर की स्थापना 18 नवंबर 1727 को आमेर के महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने की थी। करीब 299 साल पहले बसाया गया यह शहर देश के शुरुआती सुनियोजित नगरों में शामिल है। अपनी विशिष्ट नगर नियोजन शैली, वास्तुकला और ऐतिहासिक धरोहरों के कारण जयपुर को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। वर्ष 2019 में जयपुर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भी शामिल किया गया था।

राज्य के विभिन्न जिलों में आज गोपाष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पाली की पिंजरापोल गोशाला में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत और सांसद पीपी चौधरी गायों की पूजा करेगें। शहर के विभिन्न स्थानों पर गाय को गुड़ और चारा खिलाकर पूजन कर दान पुण्य किया जा रहा है। शाम को कृष्ण भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। कोटपूतली–बहरोड़ में प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। जिले के नीमराणा, बहरोड, बानसूर, कोटपूतली, पावटा, विराटनगर की गौशाला में आज विशेष सजावट के साथ गायों की पूजा की जाएगी।